रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/12/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **किस कार्बन अपरूप में परमाणु षट्कोणीय परत संरचना में व्यवस्थित होते हैं, जिसमें परतों के बीच दुर्बल बल होते हैं?**

**Ans**
✗ A. फुलेरीन
✗ B. हीरा
✗ C. कोक
✓ D. ग्रेफाइट

**Q.2** **पुरुषों में वृषण, उदर गुहा के बाहर क्यों स्थित होते हैं?**

**Ans**
✓ A. क्योंकि शुक्राणु निर्माण के लिए शरीर ताप से निम्न ताप की आवश्यकता होती है
✗ B. क्योंकि शुक्राणु निर्माण के लिए उच्च ताप की आवश्यकता होती है
✗ C. उन्हें शारीरिक क्षति से बचाने के लिए
✗ D. क्योंकि टैस्टोस्टेरोन का उत्पादन केवल शरीर के बाहर होता है

**Q.3** **जब चीनी को जल में विलीन किया जाता है तो चीनी के कण, _______________।**

**Ans**
✗ A. अधिक स्थान घेरते हैं
✗ B. केवल छोटे टुकड़ों में विच्छेदित होते हैं
✗ C. स्थायी रूप से गायब हो जाते हैं
✓ D. जल के कणों के बीच के स्थान में चले जाते हैं

**Q.4** **निम्नलिखित संयोजी ऊतकों को उनकी सही विशेषताओं से सुमेलित कीजिए।**

| | |
|---|---|
| a. एरियोली ऊतक | i. अंगों के बीच रिक्त स्थान भरता है |
| b. कंकाल ऊतक | ii. संरचनात्मक सहारा प्रदान करते हैं तथा घर्षण कम करते हैं। |
| c. स्नायु | iii. रेशेदार ऊतक जो मांसपेशी से अस्थि का संबंध बनाए रखते हैं |
| d. कंडरा | iv. रेशेदार ऊतक जो अस्थि से अस्थि का संबंध बनाए रखते हैं |

**Ans**
✗ A. a i, b iv, c iii, d ii
✓ B. a i, b ii, c iv, d iii
✗ C. a iv, b i, c iii, d ii
✗ D. a i, b iv, c ii, d iii

| Q.5 | निम्नलिखित में से क्या प्रतिध्वनि उत्पन्न नहीं करेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 100 m की दूरी पर एक चट्टान |
| | ✗ B. 30 m की दूरी पर एक ऊंची इमारत |
| | ✗ C. 50 m की दूरी पर एक पर्वत |
| | ✓ D. 10 m की दूरी पर एक दीवार |

| Q.6 | एक राइफल से लाइट बुलेट चलाई जाती है, जिसके परिणामस्वरूप बुलेट का आगे की ओर त्वरण अधिक होता है और राइफल का पीछे की ओर प्रतिक्षेप त्वरण न्यूनतम होता है। यदि बल बराबर और विपरीत (क्रिया/प्रतिक्रिया) हैं, तो राइफल का त्वरण बुलेट के त्वरण से इतना कम क्यों होता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बुलेट का प्रतिक्रिया बल, क्रिया बल की तुलना में कम समय के लिए कार्य करता है। |
| | ✗ B. क्रिया और प्रतिक्रिया बल रद्द हो जाते हैं क्योंकि ये तात्कालिक रूप से कार्य करते हैं। |
| | ✗ C. राइफल का बुलेट पर क्रिया बल, राइफल पर बुलेट के प्रतिक्रिया बल से अधिक होता है। |
| | ✓ D. त्वरण द्रव्यमान के व्युत्क्रमानुपाती होता है, और राइफल का द्रव्यमान बुलेट से बहुत अधिक होता है। |

| Q.7 | 'v' m/s की एकसमान चाल से गतिमान 'm' kg द्रव्यमान वाले पिंड की गतिज ऊर्जा के लिए सही सूत्र निम्नलिखित में से कौन-सा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. mv |
| | ✓ B. 1/2 mv2 |
| | ✗ C. 1/2 mv |
| | ✗ D. 1/4 mv2 |

| Q.8 | पादपों में लैंगिक जनन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पराग को पुंकेसर से वर्तिकाग्र तक अंतरित करने की आवश्यकता होती है। |
| | ✗ B. मादा जनन कोशिकाएँ अंडाशय में उपस्थित होती हैं। |
| | ✓ C. पराग कण सीधे अंडाशय में जाते हैं। |
| | ✗ D. एक पुष्प से दूसरे पुष्प में पराग का अंतरण विभिन्न कारकों (agents) द्वारा किया जाता है। |

| Q.9 | किसी वस्तु का भार पृथ्वी की अपेक्षा चन्द्रमा पर कम होता है, क्योंकि___________। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चंद्रमा अधिक बल के साथ वस्तुओं को आकर्षित करता है |
| | ✗ B. चंद्रमा पर वस्तु का द्रव्यमान कम हो जाता है |
| | ✓ C. चंद्रमा का गुरुत्वीय त्वरण पृथ्वी की तुलना में कम होता है |
| | ✗ D. वायु प्रतिरोध के कारण वस्तु हल्की हो जाती है |

| Q.10 | निम्नलिखित में से कौन-सा, जल में घुलने पर अम्ल और क्षार दोनों का एक उभयनिष्ठ लक्षण है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दोनों नीले लिटमस को लाल कर देते हैं। |
| | ✗ B. दोनों धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करके कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न करते हैं। |
| | ✗ C. दोनों जिंक जैसी धातुओं के साथ अभिक्रिया करने पर हाइड्रोजन गैस अवमुक्त करते हैं। |
| | ✓ D. दोनों ही आयन उत्पन्न करते हैं जो जलीय विलयन में विद्युत का चालन करते हैं। |

| Q.11 | किस वैज्ञानिक ने सुझाव दिया कि कोई चुंबक एक धारावाही चालक पर बराबर और विपरीत बल लगाता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. एम्पीयर (Ampere) |
| | ✗ B. ओर्स्टेड (Oersted) |
| | ✗ C. मैक्सवेल (Maxwell) |
| | ✗ D. फैराडे (Faraday) |

| | |
|---|---|
| Q.12 | रदरफोर्ड के स्वर्ण-पन्नी प्रयोग से परमाणु मॉडल में एक बड़ा संशोधन हुआ। प्रयोग के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण और निष्कर्ष सबसे यथार्थ है? |
| Ans | ✗ A. नाभिक धनावेशित होता है और परमाणु का अधिकांश आयतन घेरता है। |
| | ✗ B. अल्फा कण विक्षेपित होते हैं क्योंकि वे इलेक्ट्रॉनों से टकराते हैं और पूरे परमाणु में समान रूप से फैल जाते हैं। |
| | ✗ C. इलेक्ट्रॉन नाभिक में मौजूद होते हैं और परमाणु के द्रव्यमान के लिए जिम्मेदार होते हैं। |
| | ✓ D. अधिकांश अल्फा कण पन्नी से बिना विक्षेपित हुए गुजर गए, जो यह दर्शाता है कि परमाणु अधिकांशतः रिक्त स्थान हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.13 | एक बहुकोशिकीय जीव में, प्रत्येक कोशिका जीव की उत्तरजीविता में कैसे सहायक होती है? |
| Ans | ✗ A. अन्य कोशिकाओं के साथ परस्पर क्रिया किए बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करके |
| | ✗ B. स्वयं को एक पूर्ण अंग में परिवर्तित करके |
| | ✗ C. सभी जीवन कार्यों को स्वयं करने का प्रयास करके |
| | ✓ D. श्रम विभाजन का पालन करके |

| | |
|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सा, क्लोर-क्षार (chlor-alkali) प्रक्रिया में निर्मित नहीं होता है? |
| Ans | ✗ A. हाइड्रोजन गैस |
| | ✗ B. सोडियम हाइड्रॉक्साइड |
| | ✓ C. सोडियम कार्बोनेट |
| | ✗ D. क्लोरीन गैस |

| | |
|---|---|
| Q.15 | निम्नलिखित में से क्या, जैविक आवर्धन का कारण बन सकता है? |
| Ans | ✗ A. खराब होती सब्जियाँ (Degrading vegetable) |
| | ✓ B. पीड़कनाशी (Pesticides) |
| | ✗ C. केले का छिलका (Peel of banana) |
| | ✗ D. भूसा (Straw) |

| | |
|---|---|
| Q.16 | उत्तल दर्पण के मामले में, मुख्य अक्ष के समानांतर एक किरण परावर्तन के बाद ______________________ से अपसारित होती हुई प्रतीत होती है। |
| Ans | ✓ A. मुख्य फोकस |
| | ✗ B. वक्रता केंद्र |
| | ✗ C. अनंत |
| | ✗ D. ध्रुव |

| | |
|---|---|
| Q.17 | लैंगिक प्रजनन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है? |
| Ans | ✗ A. यह जीवों को बदलते वातावरण के अनुकूल ढलने में मदद करता है। |
| | ✗ B. यह दो माता-पिता (जनकों) के डीएनए को जोड़ता है। |
| | ✓ C. यह समरूप क्लोन उत्पन्न करता है। |
| | ✗ D. यह प्रजातियों के अस्तित्व के लिए विविधताएं उत्पन्न करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.18 | गैसों को द्रवीभूत करने की स्थितियाँ ................ होंगी। |
| Ans | ✗ A. घटता दाब और घटता तापमान |
| | ✓ B. बढ़ता दाब और घटता तापमान |
| | ✗ C. बढ़ता दाब और बढ़ता तापमान |
| | ✗ D. घटता दाब और बढ़ता तापमान |

| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ गर्म करने पर विघटित होकर बिना बुझा चूना देता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $KClO_3$ |
| | ✗ B. NaOH |
| | ✓ C. $CaCO_3$ |
| | ✗ D. CaCl |

| Q.20 | धातुओं की सक्रियता श्रेणी क्या दर्शाती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. धातुओं के उनके घनत्व के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित सूची। |
| | ✗ B. आयन निर्माण की उनकी क्षमता के अनुसार व्यवस्थित अधातुओं की सूची। |
| | ✓ C. धातुओं की उनकी क्रियाशीलता के घटते क्रम में व्यवस्थित सूची। |
| | ✗ D. धातुओं के उनके गलनांक के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित सूची। |

| Q.21 | मनुष्यों में वृद्धि हॉर्मोन (GH) का स्रवण कौन-सी ग्रंथि करती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पैन्क्रियाज (Pancreas) |
| | ✗ B. थाइरॉइड ग्रंथि (Thyroid gland) |
| | ✗ C. एड्रिनल ग्रंथि (Adrenal gland) |
| | ✓ D. पिट्यूटरी ग्रंथि (Pituitary gland) |

| Q.22 | निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक स्राव हमारे शरीर को नियंत्रण और समन्वय में मदद करता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. हार्मोन |
| | ✗ B. लार |
| | ✗ C. गैस्ट्रिक म्यूकोसा |
| | ✗ D. सीबम |

| Q.23 | यदि दर्पण के पीछे प्रतिबिम्ब उतनी ही दूरी पर बनता है जितनी दूरी पर सामने वाली वस्तु रखी है, तो दर्पण ................होगा। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. परवलयिक |
| | ✗ B. उत्तल |
| | ✗ C. अवतल |
| | ✓ D. समतल |

| Q.24 | चुंबकीय क्षेत्र में धारावाही चालक पर लगने वाले बल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. यह बल चालक में प्रवाहित धारा से स्वतंत्र होता है। |
| | ✗ B. बल चालक के प्रतिरोध पर निर्भर करता है। |
| | ✗ C. किसी चालक पर बल चुंबकीय क्षेत्र की दिशा के अनुदिश होता है। |
| | ✓ D. किसी धारावाही चालक पर लगने वाला बल चुंबकीय क्षेत्र में चालक की लम्बाई के समानुपाती होता है। |

| Q.25 | 2 kg का एक पिंड 3 $m/s^2$ की गति से त्वरित होता है। इस पर कार्यरत बल ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2 N |
| | ✓ B. 6 N |
| | ✗ C. 3 N |
| | ✗ D. 5 N |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | निम्नलिखित का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए: $\frac{1 - \sec x}{\csc x \cdot \cot x}$ |
| Ans | ✔ A. $(\cos x - 1)\tan^2 x$ |
| | ✗ B. $(\cos x + 1)\tan^2 x$ |
| | ✗ C. $(\cos x - 1)\cot^2 x$ |
| | ✗ D. $(\cos x + 1)\cot^2 x$ |

| | |
|---|---|
| Q.27 | एक गोले का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल एक अर्धगोले के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल से 6006 $cm^2$ कम है। यदि अर्धगोले और गोले की त्रिज्याओं का अनुपात 5 : 3 है, तो गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें) |
| Ans | ✗ A. 42 cm |
| | ✗ B. 28 cm |
| | ✔ C. 21 cm |
| | ✗ D. 35 cm |

| | |
|---|---|
| Q.28 | एक दुकानदार ने एक पेन ₹150 में बेचा और ₹30 का लाभ अर्जित किया। पेन का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. ₹100 |
| | ✔ B. ₹120 |
| | ✗ C. ₹130 |
| | ✗ D. ₹110 |

| | |
|---|---|
| Q.29 | यदि किसी संख्या के $\frac{2}{7}$ के 60% का 50%, 618 है तो वह संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 7400 |
| | ✗ B. 10350 |
| | ✔ C. 7210 |
| | ✗ D. 8450 |

| | |
|---|---|
| Q.30 | आँकड़ों $30, 33, 49, 51, x, x + 4, 73, 79, 85, 96$ को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है और आँकड़ों की माध्यिका 64 है। $x$ का मान ज्ञात करें। |
| Ans | ✗ A. 61 |
| | ✔ B. 62 |
| | ✗ C. 63 |
| | ✗ D. 64 |

| | |
|---|---|
| Q.31 | एक दुकानदार एक वस्तु का मूल्य ₹1,980 अंकित करता है। यदि 12% छूट देने के बाद भी उसे क्रय मूल्य पर 32% का लाभ होता है, तो क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. ₹1,349 |
| | ✗ B. ₹1,283 |
| | ✗ C. ₹1,209 |
| | ✔ D. ₹1,320 |

| | |
|---|---|
| Q.32 | $[24 - \{6 + 3^2 - (4 \times \overline{2 + 1})\}] \div 3 + 5 \times 2$ को सरल करें। |
| Ans | ✗ A. 20 |
| | ✗ B. 18 |
| | ✓ C. 17 |
| | ✗ D. 16 |

| | |
|---|---|
| Q.33 | दो रेलगाड़ियां 110 km/hr और 150 km/hr की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। एक रेलगाड़ी की लंबाई 500 m है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में 10 सेकंड का समय लगता है। दूसरी रेलगाड़ी की लंबाई (m में) दशमलव के बाद 2 स्थानों तक पूर्णांकित ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 228.02 |
| | ✗ B. 225.93 |
| | ✓ C. 222.22 |
| | ✗ D. 233.21 |

| | |
|---|---|
| Q.34 | $(3x-2)^2 - (x+4)^2$ को सरल कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 8x2 −16x −12 |
| | ✓ B. 8x2 −20x −12 |
| | ✗ C. 8x2 −20x −4 |
| | ✗ D. 8x2 +20x −12 |

| | |
|---|---|
| Q.35 | एक चाचा की आयु, उनके भतीजे की आयु की 6 गुनी है। 6 वर्षों में, उनकी आयु में अंतर 30 वर्ष होगा। उनकी वर्तमान आयु का योग (वर्ष में) कितना है? |
| Ans | ✓ A. 42 |
| | ✗ B. 30 |
| | ✗ C. 36 |
| | ✗ D. 48 |

| | |
|---|---|
| Q.36 | यदि दो संख्याओं का अनुपात 2 : 5 है, और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 29 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 290 |
| | ✗ B. 319 |
| | ✗ C. 283 |
| | ✗ D. 281 |

| | |
|---|---|
| Q.37 | एक त्रिभुज की भुजाएँ 68 cm, 31 cm और 87 cm हैं। 31 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसकी ऊँचाई कितनी है? |
| Ans | ✗ A. 85 cm |
| | ✗ B. 40 cm |
| | ✓ C. 60 cm |
| | ✗ D. 103 cm |

| | |
|---|---|
| Q.38 | एक कक्षा के 37 छात्रों की औसत आयु 42 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 43 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 81 |
| | ✓ B. 80 |
| | ✗ C. 77 |
| | ✗ D. 83 |

| Q.39 | यदि ₹8,404 को ऋषि और यश के बीच 7 : 15 के अनुपात में बांटा जाता है, तो यश का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5,732 |
| | ✗ B. 5,731 |
| | ✓ C. 5,730 |
| | ✗ D. 5,733 |

| Q.40 | A और B मिलकर किसी कार्य को 2 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B अकेले उसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकता है। A अकेले उसी कार्य का दोगुना कार्य कितने समय (दिन में) पूरा करेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✓ B. 5 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✗ D. 2.5 |

| Q.41 | 1386 m लंबी एक रेलगाड़ी 18 km/hr की चाल से चल रही है। 564 m लंबे प्लेटफार्म को पूरी तरह से पार करने में उसे कितना समय लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 385 सेकंड |
| | ✗ B. 386 सेकंड |
| | ✗ C. 393 सेकंड |
| | ✓ D. 390 सेकंड |

| Q.42 | एक वॉशिंग मशीन की कीमत, एक TV की कीमत से 50% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 76% बढ़ जाती है और TV की कीमत 28% कम हो जाती है, तो 4 वॉशिंग मशीन और 2 TV की कुल कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 24% की वृद्धि |
| | ✗ B. 25% की कमी |
| | ✗ C. 27% की कमी |
| | ✗ D. 31% की वृद्धि |

| Q.43 | यदि किसी निश्चित संख्या के $\frac{5}{13}$ को उसी संख्या के $\frac{7}{39}$ में जोड़ा जाए, तो परिणाम 132 आता है। संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 234 |
| | ✗ B. 224 |
| | ✗ C. 238 |
| | ✗ D. 228 |

| Q.44 | जब 17, 9, 26 और 14 में से प्रत्येक में x जोड़ा जाता है, तो इसी क्रम में प्राप्त संख्याएं, समानुपात में होती हैं। फिर, यदि 8x : y :: y : (4x−2), तथा y > 0 है, तो y का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 12 |
| | ✓ B. 4 |
| | ✗ C. 22 |
| | ✗ D. 14 |

| Q.45 | यदि किसी लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 12% कम कर दी जाए तथा इसकी ऊंचाई 169% बढ़ा दी जाए, तो इसके आयतन में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक) कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 111% |
| | ✗ B. 134% |
| | ✓ C. 108% |
| | ✗ D. 110% |

| Q.46 | सोमवार को 1 kg गाजर की कीमत ₹40 है। यदि अगले दो क्रमागत दिनों में इसकी कीमत 5% और 3% बढ़ जाती है, तो बुधवार को इसकी कीमत (₹ में) कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 36.43 |
| | ✗ B. 46.32 |
| | ✓ C. 43.26 |
| | ✗ D. 49.25 |

| Q.47 | दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7.5% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। मुकुंद ने प्रत्येक बैंक से ₹2,00,000 उधार लिए। 2 वर्षों के बाद मुकुंद द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान किए गए साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 16,000 |
| | ✗ B. 17,000 |
| | ✗ C. 17,500 |
| | ✗ D. 15,500 |

| Q.48 | एक साइकिल 10% की हानि पर ₹2,700 में बेची जाती है। इसका क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹2,800 |
| | ✗ B. ₹3,200 |
| | ✓ C. ₹3,000 |
| | ✗ D. ₹3,600 |

| Q.49 | दो पंप, M और N, एक टंकी को क्रमशः 36 घंटे और 45 घंटे में भर सकते हैं। एक अन्य पंप P, टंकी को 30 घंटे में खाली कर सकता है। पहले M और N को खोला जाता है, और 8 घंटे बाद, P को भी खोल दिया जाता है। टंकी कुल T घंटे में भर जाएगी। T का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 36 |
| | ✗ B. 40 |
| | ✓ C. 44 |
| | ✗ D. 32 |

| Q.50 | एक वस्तु को 4% की छूट पर बेचने पर, प्राप्त लाभ प्रतिशत 20% है। वस्तु का मूल्य कितने प्रतिशत बढ़ाकर अंकित किया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 27% |
| | ✗ B. 19% |
| | ✓ C. 25% |
| | ✗ D. 28% |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, BGLQ का संबंध एक निश्चित तरीके से EJOT से है। उसी प्रकार, FKPU का संबंध INSX से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, HMRW का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. KPUZ |
| | ✗ B. LQVX |
| | ✗ C. LPUY |
| | ✗ D. KQVX |

| Q.52 | निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी हैं।<br>(बाएं) 8 7 7 4 2 1 5 4 8 9 4 1 1 1 9 9 3 7 9 5 4 (दाएं)<br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद में भी एक विषम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✓ B. 7 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 6 |

| Q.53 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>P + Q का अर्थ है कि 'P, Q का पति है',<br>P # Q का अर्थ है कि 'P, Q की पत्नी है',<br>P & Q का अर्थ है कि 'P, Q का भाई है' और<br>P % Q का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है'।<br><br>यदि 'G # V % M & H + E' है, तो G का E से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पत्नी का भाई |
| | ✗ B. पति की बहन |
| | ✓ C. पति की माता |
| | ✗ D. पति के पिता |

| Q.54 | गगना बिंदु A से चलना शुरू करती है और पूर्व की ओर 5 km चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, 3 km चलती है, फिर बाएं मुड़ती है और 2 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 7 km चलती है। अंत में वह बाएं मुड़ती है, 3 km चलती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए?<br><br>(नोट: जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पूर्व की ओर 16 km |
| | ✗ B. उत्तर की ओर 10 km |
| | ✗ C. पश्चिम की ओर 8 km |
| | ✓ D. दक्षिण की ओर 10 km |

| Q.55 | A, B, C, D, W, X, और Y एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। X के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, X के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, Y के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।<br>पंक्ति की बाईं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. A |
| | ✗ B. D |
| | ✗ C. C |
| | ✓ D. W |

| Q.56 | निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और ' ÷ ' को परस्पर बदल दिया जाए तथा ' - ' और ' x ' को परस्पर बदल दिया जाए?<br><br>195 + 3 x 22 - 6 ÷ 117 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 57 |
| | ✗ B. 51 |
| | ✓ C. 50 |
| | ✗ D. 43 |

| | |
|---|---|
| Q.57 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>319 320 323 328 335 ? |
| Ans | ✗ A. 348 |
| | ✗ B. 342 |
| | ✗ C. 346 |
| | ✓ D. 344 |

| | |
|---|---|
| Q.58 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. EH - DG |
| | ✗ B. LO - KN |
| | ✗ C. OR - NQ |
| | ✓ D. QT - PT |

| | |
|---|---|
| Q.59 | निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय वाली संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 4 1 1 7 2 4 1 2 7 4 4 9 6 3 9 1 6 1 9 2 2 8 8 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद भी एक विषम अंक है? |
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. चार |
| | ✓ C. दो |
| | ✗ D. तीन |

| | |
|---|---|
| Q.60 | यदि ‘A’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘B’ का अर्थ ‘x’ है, ‘C’ का अर्थ ‘+’ है और ‘D’ का अर्थ ‘–’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>44 A 11 B 25 D 28 C 1 = ? |
| Ans | ✗ A. 74 |
| | ✗ B. 77 |
| | ✓ C. 73 |
| | ✗ D. 78 |

| | |
|---|---|
| Q.61 | किसी निश्चित कूट भाषा में, ‘photo vet scale’ को ‘zk jh kv’ के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा ‘urn photo kin’ को ‘jh zn fl’ के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में ‘photo’ को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? |
| Ans | ✗ A. zn |
| | ✓ B. jh |
| | ✗ C. zk |
| | ✗ D. kv |

| | |
|---|---|
| Q.62 | यदि ‘A’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘B’ का अर्थ ‘x’ है, ‘C’ का अर्थ ‘+’ है और ‘D’ का अर्थ ‘–’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>16 B 3 D 36 A 18 C 18 = ? |
| Ans | ✗ A. 66 |
| | ✗ B. 62 |
| | ✗ C. 65 |
| | ✓ D. 64 |

| Q.63 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>37 49 61 73 85 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 91 |
| | ✗ B. 105 |
| | ✓ C. 97 |
| | ✗ D. 101 |

| Q.64 | A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर D बैठा है। F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर C बैठा है। B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर A बैठा है। E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में B बैठा है। D के बाईं ओर से गिनने पर A और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✗ B. एक भी नहीं |
| | ✓ C. एक |
| | ✗ D. दो |

| Q.65 | निम्नलिखित संख्या और चिह्न श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएँ एक अंकीय हैं।<br><br>(बाएं) $ # # £ 9 % £ 7 * & € 1 3 4 5 6 4 9 € 2 5 & और (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद में भी एक प्रतीक है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2 |
| | ✗ B. 6 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 5 |

| Q.66 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, GENU का संबंध एक निश्चित तरीके से KZRP से है। उसी प्रकार, OUVK का संबंध SPZF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, WKDA का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. BEGU |
| | ✗ B. BFIW |
| | ✗ C. ZGHW |
| | ✓ D. AFHV |

| Q.67 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोटः संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(35, -34, 1)<br>(35, 14, 7) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (9, -8, 2) |
| | ✗ B. (31, 47, 9) |
| | ✗ C. (15, -17, 1) |
| | ✓ D. (23, 266, 17) |

| Q.68 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी पर्दे, ब्लाइंडर हैं।<br>सभी पर्दे, डिवाइडर हैं।<br>सभी पर्दे, दीवार हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) सभी ब्लाइंडर, दीवार हैं।<br>(II) कुछ दीवार, डिवाइडर हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| Q.69 | DR 12 एक निश्चित तरीके से FK −6 से संबंधित है। इसी प्रकार JM 18, LF 0 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, KN 3 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. MG −15 |
| | ✗ B. HU −12 |
| | ✗ C. MK −11 |
| | ✗ D. LP −10 |

| Q.70 | सात व्यक्ति, B, C, D, I, J, K और L, एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I, J के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। B के बाईं ओर से गिनने पर, B और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, K के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। K और C का निकटतम पड़ोसी L है। L के बाईं ओर से गिनने पर, I और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✗ B. दो |
| | ✓ C. चार |
| | ✗ D. एक |

| Q.71 | शहर P, शहर Q के पश्चिम में है। शहर R, शहर P के दक्षिण में है। शहर S, शहर R के पूर्व में है। शहर T, शहर S के उत्तर में है। शहर Q, शहर T के उत्तर-पूर्व में है। शहर T के संबंध में शहर P की स्थिति क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दक्षिण-पश्चिम |
| | ✗ B. उत्तर-पूर्व |
| | ✓ C. उत्तर-पश्चिम |
| | ✗ D. दक्षिण-पूर्व |

| Q.72 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>121 123 127 133 141 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 149 |
| | ✗ B. 153 |
| | ✗ C. 147 |
| | ✓ D. 151 |

| Q.73 | निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा, प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>CFE10, GJI14, KNM18, ? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. ORQ22 |
| | ✘ B. RVQ24 |
| | ✘ C. ORU22 |
| | ✘ D. SVU24 |

| Q.74 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. QVP |
| | ✘ B. MRL |
| | ✔ C. TYR |
| | ✘ D. EJD |

| Q.75 | निम्नलिखित संख्या, चिह्न श्रृंखला को देखें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएँ एक अंकीय संख्याएँ हैं।<br><br>(बाएं) Ω 9 % 6 1 * £ 5 # 2 8 $ 7 & + @ 3 4 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद एक संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 2 |
| | ✘ B. 1 |
| | ✘ C. 3 |
| | ✘ D. 4 |

| Q.76 | सात डिब्बे B, C, D, I, J, K और L एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। केवल C को I के नीचे रखा गया है। C और J के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। J और D के बीच केवल L को रखा गया है। B को J के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। K और C के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. तीन |
| | ✘ B. चार |
| | ✔ C. एक |
| | ✘ D. दो |

| Q.77 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br>ANF 17, DQI 21, GTL 25, JWO 29, ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. MZR 32 |
| | ✘ B. MYR 33 |
| | ✘ C. MYR 32 |
| | ✔ D. MZR 33 |

| Q.78 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन: सभी टोपी, रैचेट हैं। कोई रैचेट, बिल्ली नहीं हैं। कुछ बिल्ली, देवदूत हैं।<br><br>निष्कर्ष (I): कोई टोपी, बिल्ली नहीं हैं।<br>निष्कर्ष (II): कोई देवदूत, रैचेट नहीं हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |

| Q.79 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'mall tree army' को 'vg ur ua' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'plant army cup' को 'ti ud vg' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'army' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ua |
| | ✗ B. ur |
| | ✓ C. vg |
| | ✗ D. ti |

| Q.80 | सात डिब्बे, M, N, O, P, Q, R और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।<br>केवल P को O के ऊपर रखा गया है। O और R के बीच केवल Q को रखा गया है। S के नीचे केवल N को रखा गया है।<br>M और N के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✗ B. तीन |
| | ✗ C. चार |
| | ✓ D. एक |

## Section : General Awareness and Current Affairs

| Q.81 | 2025 UEFA चैंपियंस लीग किस क्लब ने जीती? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. पेरिस सेंट-जर्मेन (Paris Saint-Germain) |
| | ✗ B. रियल मैड्रिड (Real Madrid) |
| | ✗ C. बायर्न म्यूनिख (Bayern Munich) |
| | ✗ D. मैनचेस्टर सिटी (Manchester City) |

| Q.82 | 12 अप्रैल 2025 को, निम्नलिखित में से किस बैंक ने 34 नए बैंकिंग उत्पादों एवं सेवाओं के शुभारंभ के साथ अपना 131वां स्थापना दिवस मनाया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. पंजाब नेशनल बैंक |
| | ✗ B. केनरा बैंक |
| | ✗ C. बैंक ऑफ इंडिया |
| | ✗ D. इंडियन बैंक |

| Q.83 | जून 2025 में, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने पहली बार राष्ट्रव्यापी घरेलू आय सर्वेक्षण को ________ में शुरू करने की अपनी योजना की घोषणा की। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2028 |
| | ✗ B. 2029 |
| | ✓ C. 2026 |
| | ✗ D. 2027 |

| Q.84 | निम्नलिखित में से किस शहर ने 2025 वर्ल्ड एक्रेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी की? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बुडापेस्ट |
| | ✓ B. सिंगापुर |
| | ✗ C. दोहा |
| | ✗ D. मेलबर्न |

| Q.85 | 26 जनवरी 2025 को मनाया गया गणतंत्र दिवस, भारत का ________ गणतंत्र दिवस था। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 75वां |
| | ✗ B. 77वां |
| | ✗ C. 74वां |
| | ✓ D. 76वां |

| Q.86 | अगस्त 2025 में, किस राज्य ने अपनी राज्य आपदा प्रबंधन योजना का अनावरण किया और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन इकाई, नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण योजना, स्वचालित मौसम स्टेशन और वर्षा गेज सहित कई कार्यक्रमों का उद्घाटन किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्तर प्रदेश |
| | ✗ B. मेघालय |
| | ✗ C. मध्य प्रदेश |
| | ✓ D. त्रिपुरा |

| Q.87 | जुलाई 2025 में, किस भारतीय राज्य मंत्रिमंडल ने बाल विवाह रोकथाम कानूनों के तहत नाबालिगों से जुड़ी सगाई को भी अपराध घोषित करने वाले विधेयक को मंजूरी दी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केरल |
| | ✗ B. तेलंगाना |
| | ✓ C. कर्नाटक |
| | ✗ D. महाराष्ट्र |

| Q.88 | निम्नलिखित में से किस महिला एथलीट को अप्रैल 2025 में घोषित 2025 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अथिंग मू (Athing Mu) |
| | ✗ B. इगा स्वियातेक (Iga Swiątek) |
| | ✓ C. सिमोन बाइल्स (Simone Biles) |
| | ✗ D. केटी लेडेकी (Katie Ledecky) |

| Q.89 | अगस्त 2024 तक कैबिनेट सचिव के रूप में कार्य करने के बाद, मार्च 2025 में किसे नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. राजीव गौबा |
| | ✗ B. BVR सुब्रह्मण्यम |
| | ✗ C. एस. महेंद्र देव |
| | ✗ D. अरविंद पनगढ़िया |

| Q.90 | पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा मार्च 2025 में जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में कितने प्रतिशत क्षेत्र भूकंप के प्रति संवेदनशील है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 59% |
| | ✗ B. 89% |
| | ✗ C. 30% |
| | ✗ D. 40% |

| Q.91 | NISAR (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार), जिसे जुलाई 2025 में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा संयुक्त रूप से भारत से लॉन्च किया जाना था, ______ है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $3.5 बिलियन का मिशन |
| | ✓ B. $1.5 बिलियन का मिशन |
| | ✗ C. $2.5 बिलियन का मिशन |
| | ✗ D. $4.5 बिलियन का मिशन |

| Q.92 | 6-10 जनवरी तक अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2025, कहाँ आयोजित की गई? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. सेंट थॉमस कॉलेज, पाला |
| | ✗ B. दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली |
| | ✗ C. उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद |
| | ✗ D. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी |

| Q.93 | निम्नलिखित में से किसने, मई 2025 में माउंट एवरेस्ट पर अपनी 31वीं चढ़ाई पूरी की? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. छोंज़िन आंगमो (Chhonzin Angmo) |
| | ✓ B. कामी रीता (Kami Rita) |
| | ✗ C. न्यीमा ग्यालज़ेन दोरजे (Nyima Gyalzen Dorje) |
| | ✗ D. अपा शेरपा (Apa Sherpa) |

| Q.94 | अगस्त 2025 में, किस निकाय ने भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) को ओजोन अध्ययन समिति (ozone study committee) के लिए शर्तें तैयार करने का निर्देश दिया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. नीति (NITI) आयोग |
| | ✗ B. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड |
| | ✗ C. भारत का सर्वोच्च न्यायालय |
| | ✓ D. राष्ट्रीय हरित अधिकरण |

| Q.95 | जनवरी 2025 में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा शुरू की गई निम्नलिखित में से कौन-सी योजना ग्राहकों को हर माह छोटी बचत जमा करके अपने खातों में ₹1 लाख या उससे अधिक जमा करने में सक्षम बनाती है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. हर घर लखपति (Har Ghar Lakhpati) |
| | ✗ B. लखपति पैट्रन्स (Lakhpati Patrons) |
| | ✗ C. सुरक्षा निवेश (Suraksha Nivesh) |
| | ✗ D. हर घर बचत (Har Ghar Bachat) |

| Q.96 | किस महिला एथलीट को 2025 में स्पोर्टस्टार ऑफ द ईयर (महिला) पुरस्कार मिला? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पी.वी. सिंधु |
| | ✗ B. साइना नेहवाल |
| | ✗ C. मैरी कॉम |
| | ✓ D. मनु भाकर |

| Q.97 | जून 2025 में, भारत के केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत में किस स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र-दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (CSARC) की स्थापना को मंजूरी दी गई थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. नोएडा |
| | ✗ B. लखनऊ |
| | ✓ C. आगरा |
| | ✗ D. कानपुर |

| Q.98 | निम्नलिखित में से किस शहर ने 2025 में दक्षिण अफ्रीका में G20 डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य समूहों की दूसरी बैठक की मेजबानी की? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केप टाउन |
| | ✗ B. डरबन |
| | ✗ C. प्रिटोरिया |
| | ✓ D. पूर्वी केप |

| Q.99 | केंद्रीय बजट, 2025-26 के अनुसार, भारत की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्रालय को कुल कितना आवंटन किया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. ₹6,81,210.27 करोड़ |
| | ✗ B. ₹7,81,210.27 करोड़ |
| | ✗ C. ₹5,81,210.27 करोड़ |
| | ✗ D. ₹8,81,210.27 करोड़ |

| Q.100 | जुलाई 2025 में मुंबई में राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण संस्थान (दिव्यांगजन) और जय वकील फाउंडेशन के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दृष्टिबाधित और श्रवण बाधित विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों को सांकेतिक भाषा और ब्रेल लिपि में प्रशिक्षित करना |
| | ✓ B. बौद्धिक विकलांग बच्चों के लिए संरचित और समान पाठ्यक्रम लागू करना |
| | ✗ C. विकलांग व्यक्तियों के लिए एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य बीमा योजना स्थापित करना |
| | ✗ D. विकलांग बच्चों के लिए राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू करना |

"